>

Title: Need to address the issue of inundation of cultivable land in Maharajganj Parliamentary Constituency of Bihar.

**श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज) :** माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपका ध्यान अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 19, महाराजगंज, बिहार के विभिन्न प्रखंडों में फैली हजारों एकड़ कृषि योग्य जमीन में पिछले कई वर्षों से जल-जमाव रहने की ओर दिलाना चाहता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र सारण जिलान्तर्गत प्रखंड माझी का तालपुरैना, दीघा प्रखंड एकमा एवं लहलादपुर का धूरदह, प्रखंड मशरख का बहियारा और घोघिया प्रखंड, बनियापुर का बहियारा, कन्हौली मनोहर, प्रखंड जलालपुर का ककरहट, बड़कागांव...

**माननीय अध्यक्ष :** आप थोड़े में पढ़िये, पूरी बात नहीं पढ़नी है। जीरो ऑवर में लम्बा-चौड़ा नहीं बोलते हैं।

**श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल :** बड़कागांव जैसे चॅवर तथा सिवान जिलान्तर्गत भगवानपुर का का बसहरा, बड़ईला, बिहुना, बगाही चॅवर, प्रखंड महाराजगंज का सरैयॉ चॅवर जैसे अन्य कई चॅवरों में बारहो मास जल जमाव रहता है। मेरे क्षेत्र के हजारों किसान परिवारों का जीवन-यापन करना कठिन हो गया है। अपनी जमीन होते हुए भी इन परिवारों को इधर-उधर भटक कर गुजर-बसर करना पड़ता है। जबकि पहले इन क्षेत्रों में इतनी अच्छी फसल होती थी कि वहां के किसान अपने अलावा दूसरों का भरण-पोषण करने का काम करते थे। इन जगहों पर अच्छी तरह से धान और मक्का की फसल हुआ करती थी। लेकिन आज वहां जल जमाव की वजह से किसान बदहाल हैं, परेशान हैं और भुखमरी के कगार पर हैं। उनकी अर्थव्यवस्था पर काफी कुप्रभाव पड़ा है। महोदया, सरकार से मेरा आग्रह है कि उन क्षेत्रों में फैले जल जमाव को खत्म करने हेतु विशेष योजना तैयार करें जिससे उन हजारों किसान परिवारों का जीवन-यापन ठीक से व्यतीत हो सके या फिर उस जमीन पर जल से आधारित कृषि को बढ़ोत्तरी देने की सरकार योजना बनाए।